# 1 नाम में क्या है ?






बहुत समय पहले की बात है, तारकेश्वर में एक चरवाहा परिवार रहता था। हर दिन देबा और दीप गायों को चराने के लिए बाहर ले जाते थे। वे सभी गायों को लेकर देर शाम को लौटते थे।

एक दिन, देबा ने पूछा कि हमें कैसे पता चलेगा कि हमारी कोई गाय नहीं खोई है? उन्हें गिनती करना नहीं आता था।


**देबा और दीप क्या कर सकते थे?**

उनके मित्र ने उन्हें एक युक्ति दी— जब आप बाहर जाओ, तो द्वार से निकलने वाली प्रत्येक गाय के लिए दीवार पर एक निशान बनाओ। फिर जब वापस आओ, तो जैसे ही कोई गाय दोबारा द्वार में प्रवेश करे, दीवार से एक निशान काट दो।

अगले दिन उन्होंने अपने मित्र की बात पर अमल किया और जब सभी गायें घर वापस आ गईं तो सभी निशान कट गए।



**क्या सभी गायें घर वापस आ गईं?**



कुछ वर्षों के बाद, उनके पास बहुत सारी गायें हो गईं। एक दिन जब वे घर से निकले तो उनकी दीवार पर इतने सारे निशान थे।

उनके पास ................ गायें थीं।

अगले दिन वे गायें लेकर लौट आए। उन्होंने प्रत्येक गाय के अंदर जाने पर एक निशान काटा। दीवार पर अभी भी दो निशान बाकी थे, लेकिन उन्हें बाहर कोई गाय नहीं दिखी। वे चिंतित थे।

### देबा और दीप चिंतित क्यों थे?

कितनी गायें घर वापस पहुँच गई थीं? ..............................

देबा और दीप तुरंत खोई हुए गायों की तलाश करने गए जो उन्हें पास के एक खेत में मिलीं। वे सभी खुशी-खुशी एक साथ घर लौट आए।

उनके मित्र हेमंत के पास 36 गायें और 23 भेड़ें थीं।

देबा और दीप की तरह निशान बनाकर हेमंत को उसकी गायों और भेड़ों का हिसाब रखने में सहायता कीजिए—

© NCERT not to be republished



**शिक्षण संकेत** – बच्चों को संख्याओं का उपयोग किए बिना वस्तुओं के बड़े समूहों को गिनने के लिए विभिन्न रणनीतियों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें। वे उपरोक्त कहानी को एक गतिविधि के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं जहाँ वे कक्षा में प्रवेश करते और निकलते समय सभी बच्चों का हिसाब रख सकते हैं।

## आइए करते हैं

1. कुछ जानवर और पक्षी खेल खेलने के लिए इकट्ठे हुए। वे 2 टीमें बनाना चाहते थे। उन्होंने निर्णय किया कि पहली टीम का कप्तान सबसे लंबे नाम वाला होगा, यानी सबसे अधिक अक्षरों वाला होगा। दूसरी टीम का कप्तान सबसे छोटे नाम वाला होगा, यानी सबसे कम अक्षरों वाला होगा।




दोनों टीमों के कप्तानों का पता लगाइए—

पहली टीम :


अक्षरों की संख्या :

दूसरी टीम :

अक्षरों की संख्या :

क्या आप किसी ऐसे जानवर का नाम जानते हैं जिसका नाम पहली टीम के कप्तान से भी लंबा हो?

2. किसका नाम लंबा है? चर्चा कीजिए।




महेश

कार्तिक

© NCERT not to be republished

3. नीचे दिए गए स्थानों में अपने मित्रों के नाम लिखिए और (क) से (च) तक प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) सबसे लंबे नामों पर सही ✓ का निशान लगाइए और सबसे छोटे नामों पर गलत × का निशान लगाइए।

(ख) अपने नाम का प्रारंभिक अक्षर लिखिए। ..................

(ग) उन सभी नामों को गिनिए जिनके प्रारंभिक अक्षर आपके नाम के समान हैं।

(घ) कौन-सा प्रारंभिक अक्षर सबसे अधिक उपयोग हुआ? इससे शुरू होने वाले नामों को गिनिए।

(ङ) उन नामों को गिनिए जिनके अंतिम अक्षर समान हैं।

(च) उन अक्षरों को लिखिए जो किसी भी नाम के प्रारंभिक अक्षर नहीं हैं।

..................................................................................................



**शिक्षण संकेत** – शिक्षक बच्चों से लड़कों, लड़कियों और कक्षा में सबसे छोटे व सबसे लंबे नामों को चिह्नित करने के लिए कह सकते हैं। कक्षा में चर्चा के माध्यम से उनकी रणनीति साझा करने में उनकी सहायता करें।

© NCERT not to be republished

4. तेजी और जोजो इन कार्डों का उपयोग करके अपना रोल नंबर ढूँढ़ रहे हैं।

एक | दो | तीन | दस | ग्यारह | बारह | तेरह

चार | पाँच | छह | चौदह | पंद्रह | सोलह | सत्रह

सात | आठ | नौ | अठारह | उन्नीस

बीस | तीस | चालीस | पचास | साठ | सत्तर | अस्सी | नब्बे



तेजी अपना रोल नंबर 43 ढूँढ़ती है। इसके संख्या नाम में 4 अक्षर हैं।

तैंतालीस

जोजो अपना रोल नंबर 17 ढूँढ़ता है। इसके संख्या नाम में 3 अक्षर हैं।

सत्रह



(क) ऊपर दिखाए अनुसार संख्या कार्ड का उपयोग करके अपना रोल नंबर लिखिए। पुस्तक के अंत में संख्या कार्ड दिए गए हैं।

- मेरा रोल नंबर ................ हैं।
- इस संख्या के नाम में ................ अक्षर हैं।

(ख) अपनी कॉपी में कुछ संख्याएँ और उन संख्याओं के नाम लिखिए। प्रत्येक संख्या में कितने अक्षर हैं?



## आइए सोचते हैं



तेजी और जोजो ने संख्या 42 (बयालीस) बनाई, इसमें 4 अक्षर हैं। 1 से 99 तक 4 अक्षरों वाली अन्य संख्याएँ पता लगाइए।

बयालीस | 42



| | | | |
|---|---|---|---|
| चौवालीस | 44 | | |
| | | | |
| | | | |



**शिक्षण संकेत** – बच्चों को यह देखने दें कि जिन संख्याओं के नाम में अक्षरों की संख्या समान है, उनमें क्या समानता है।

© NCERT not to be republished



## आइए करते हैं

1. 1 और 99 के बीच सबसे लंबे नाम वाली संख्याएँ लिखिए—

........................................ ........................................ ........................................

2. नीचे दी गई पहेलियों का पता लगाइए—

**पता लगाओ**

23 से 39 तक की संख्याएँ मेरी मित्र हैं। मेरे मित्रों में मेरे संख्या रूप का नाम सबसे छोटा है। मैं कौन हूँ?

........................................

**पता लगाओ**

मै एक अंक की संख्या हूँ और मेरे नाम में भी एक ही अक्षर है। मैं 10 के बहुत करीब हूँ। मैं कौन हूँ?

........................................

अपनी कॉपी में ऐसी ही अन्य पहेलियाँ स्वयं बनाइए और अपने सहपाठियों से पूछिए।




**वेंकटनरसिम्हाराजुवारिपेटा** भारत में सबसे लंबे नाम वाली जगह है। यह तमिलनाडु की सीमा के करीब आंध्र प्रदेश में स्थित है।










ओडिशा में **ईब** और गुजरात में **ओड** भारत में सबसे छोटे नाम वाले स्थान हैं।

3. तेजी और जोजो के पास कुछ चित्र कार्ड हैं। तेजी ने इन्हें 'जो खाना खाते हैं' और 'जो खाना नहीं खाते हैं' के दो समूहों में बाँटा है—








© NCERT not to be republished

जोजो ने उन्हीं कार्डों को अलग ढंग से व्यवस्थित किया है —



**जोजो द्वारा बनाए गए समूहों में क्या समानता है?**


4. नीचे कुछ घरेलू वस्तुओं के चित्र दिए गए हैं। इन वस्तुओं के नाम नीचे दिए गए दो समूहों में लिखिए —




| ऐसी वस्तुएँ जिन्हें बिजली की आवश्यकता है | ऐसी वस्तुएँ जिन्हें बिजली की आवश्यकता नहीं है |
|---|---|
| | |

© NCERT not to be republished

अब इन वस्तुओं के अलग-अलग समूह बनाइए और उन्हें नीचे दिए गए स्थान में लिखिए—



## आइए करते हैं

### बाल सँवारना

माला स्कूल जा रही है।  उसकी माँ ने उसके बालों में कंघी की है। 

माला की दो चोटियाँ हैं। 

अपनी कक्षा के बच्चों को ध्यान से देखिए। सभी बच्चे अलग-अलग तरह से अपने बालों में कंघी करते हैं।



अब तालिका में बच्चों के बालों को देखिए और अपनी कक्षा के बच्चों से मिलान कीजिए—

| **बालों की सज्जा** |  |  |  |  |  |  |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **बच्चों की संख्या** | | | | | | |



**शिक्षण संकेत** – बच्चों से और चीज़ें सुझाने और उन्हें उचित तरीके से रखने के लिए कहें। चर्चा करें कि समूहीकरण के अन्य संभावित तरीके क्या हो सकते हैं। समूहीकरण के विविध तरीकों को प्रोत्साहित करें जिसमें प्रत्येक वस्तु किसी न किसी समूह से संबंधित होनी चाहिए।

© NCERT not to be republished